**सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ–250110**

**माननीय प्रबन्ध परिषद की 65वीं (विशेष) बैठक दिनाँक 16 जुलाई, 2026 का कार्यवृत्त**

माननीय प्रबन्ध परिषद की 65वीं (विशेष) बैठक दिनाँक 16 जुलाई, 2026 को अपरान्ह 03:00 बजे से कुलपति सभाकक्ष, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई। बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् रही हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 त्रिवेणी दत्त, कुलपति | **अध्यक्ष** |
| 2. | श्री लाल बहादुर यादव, विशेष सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनु0 विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।<br>(प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनु0 विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के प्रतिनिधि)<br>(ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया) | **सदस्य** |
| 3. | डा0 अनिल कुमार, सहायक महानिदेशक, आई0सी0ए0आर0, नई दिल्ली।<br>(ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया) | **सदस्य** |
| 4. | श्री राकेश कुमार शर्मा, लाईव स्टाक ब्रीडर, मेरठ। | **सदस्य** |
| 5. | श्रीमती सुमन त्यागी, सामाजिक महिला कार्यकत्री, चांदपुर, बिजनौर। | **सदस्य** |
| 6. | श्री सतीश कुमार, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव वित्त, उ0प्र0 के प्रतिनिधि)। | **सदस्य** |
| 7. | श्री अभय दयाल, कृषि उद्योगपति, मेरठ।<br>(ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया) | **सदस्य** |
| 8. | डा0 स्मिता वर्मा, संयुक्त निदेशक, कृषि मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक कृषि, उ0प्र0 के प्रतिनिधि)। | **सदस्य** |
| 9. | डा0 परविन्द्र बालियान, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ<br>(अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के प्रतिनिधि)<br>(ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया) | **सदस्य** |
| 10. | डा0 मानव, अपर निदेशक, पशुपालन, मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक पशुपालन, उ0प्र0 के प्रतिनिधि) | **सदस्य** |
| 11. | श्री पंकज कुमार चतुर्वेदी, वित्त नियंत्रक | **सदस्य सचिव** |

मा0 प्रबन्ध परिषद के अध्यक्ष/मा0 कुलपति जी एवं सचिव/वित्त नियन्त्रक द्वारा विश्वविद्यालय की मा0 प्रबन्ध परिषद के मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया। तदोपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

16/07/26

वित्त नियंत्रक/सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

16/7

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

**प्रस्ताव संख्या 65.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 64वीं बैठक दिनाँक 30 जून, 2026 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 64वीं बैठक दिनांक 30 जून, 2026 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 65.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 64वीं बैठक दिनाँक 30 जून, 2026 के निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 64वीं बैठक दिनांक 30 जून, 2026 के निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 65.3: सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में 100 कक्ष क्षमता (200 सीटेड) 01 महिला छात्रावास के निर्माण कार्य की संशोधित प्रशासकीय स्वीकृति के स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

अवगत कराना है कि कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 73/2026/1264/कृशिअ–67– 1002(002)/3/2025 दिनांक 10 जुलाई, 2026 के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में 100 कक्ष क्षमता (200 सीटेड) 01 महिला छात्रावास के निर्माण कार्य की संशोधित प्रशासकीय स्वीकृति के स्वीकृति प्रदान की गयी है।

16/7/26

वित्त नियंत्रक/सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

16/2

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

उपर्युक्त शासनादेश के बिन्दु संख्या–28 पर इंगित किया गया है कि **"धनराशि कोषागार से आहरित करके मा0 प्रबन्ध परिषद के पूर्वानुमोदन से व्यय की जायेगी तथा किसी भी मद में स्वीकृत धनराशि का व्यावर्तन नही किया जायेगा/किसी अन्य मद में पुनर्विनियोग नही किया जायेगा।"**

जिसपर मा0 प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक/प्रभारी अधिकारी, निर्माण)**

**प्रस्ताव संख्या 65.4: विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 99वीं बैठक दिनांक 15.07.2026 को प्रस्तावित बैठक में लिये जाने वाले निर्णयों पर अनुमोदन का प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 99वीं बैठक दिनांक 15.07.2026 को प्रस्तावित है, जिसके अन्तर्गत विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद में प्रस्तुत प्रस्तावों पर मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव)**

मा0 कुलपति जी/अध्यक्ष द्वारा मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के 19वें दीक्षांत समारोह दिनांक 20.07.2026 के आयोजन की अध्यक्षता मा0 कुलाधिपति महोदया, उ0प्र0 शासन द्वारा की जायेगी तथा मुख्य अतिथि के रूप में श्री शंकरभाई चौधरी जी, सम्मानित अध्यक्ष, गुजराज विधानसभा एवं अध्यक्ष, बनास डेयरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अतुल धीरजलाल पटेल जी (प्रपौत्र सरदार वल्लभभाई पटेल–यूनिसोर्स इंजीनियर्स बड़ोदरा) द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

16/07/26
वित्त नियंत्रक/सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110



16/7
कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

उपरोक्त के अतिरिक्त मा0 कुलपति जी/अध्यक्ष द्वारा विश्वविद्यालय के रजत जयंती वर्ष के दृष्टिगत विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे/जाने वाले कार्यक्रमों के सम्बन्ध में विस्तार में मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों को अवगत कराया गया।

साथ ही विश्वविद्यालय के फार्म पर उत्पादित होने वाले अनाज को विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों में उपयोग में लाये जाने के साथ–साथ विभिन्न सब्जियों को भी छात्रावासों में उपयोग में लाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इसी प्रकार विश्वविद्यालय के पोस्ट हार्वेस्ट महाविद्यालय द्वारा तैयार किये जा रहे मिलेट्स एवं सरसों का तेल छात्रावासों को उपलब्ध कराना भी प्रारम्भ कर दिया गया है।

विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्रों पर लगभग 15000 का पौधारोपण किया जा चुका है एवं भविष्य में इनकी संख्या अनुमानित 40000 से अधिक की संख्या में पौधारोपण किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के प्रयास के साथ–साथ Student Welfare Fund की स्थापना का कार्य किया जा रहा है।

अन्त में मा0 कुलपति जी/अध्यक्ष महोदय द्वारा मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों को विश्वविद्यालय के 19वें दीक्षांत समारोह दिनांक 20.07.2026 में प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित किया गया।

वित्त नियन्त्रक द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

16/07/26

(पंकज कुमार चतुर्वेदी)
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद

वित्त नियंत्रक/सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

अनुमोदित

(डा0 त्रिवेणी दत्त)
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद

कुलपति
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एव
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ